

# मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने येत्तिनाहोले पेयजल परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया

## परियोजना को 31 मार्च, 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हासन। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने शुक्रवार को जिले के सकलेशपुर तालुका के हेब्बानहल्ली में 23,251.66 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी पेयजल परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया।

अधिकारियों के अनुसार, 'येत्तिनाहोले एकीकृत पेयजल परियोजना' को 31 मार्च, 2027 तक पूरा करने की योजना है।

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, जो जल संसाधन मंत्री भी हैं, ने इस अवसर पर मीडिया से कहा कि अलमट्टी (बांध) के बाद यह कर्नाटक के इतिहास में एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम है।

मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने अपने एक्स अकाउंट पर बताया कि येत्तिनाहोले पेयजल परियोजना के चरण 1 का शुभारंभ सकलेशपुर तालुका, बायकेरे डोड्डानगर के पंप हाउस में किया गया है। कोलार, चिक्काबल्लापुर, बेंगलूरु ग्रामीण, रामनगर, तुमकूरु, हासन, चिकमंगलूरु जिलों के 29 तालुकाओं के पेयजल और झील को भरने की इस परियोजना से लाखों लोगों के जीवन में बदलाव आने की उम्मीद है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, मंत्री केएन राजन्ना, एमबी पाटिल, जी परमेश्वर, केजे जॉर्ज समेत कई विधायक, निर्वाचित प्रतिनिधि, वरिष्ठ विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# मंगलूरु में मोटरसाइकिल फिसलने से दो युवकों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। मंगलूरु के येय्यादी के पास एक मोटरसाइकिल के फिसल जाने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। देर रात करीब ढाई बजे दोनों युवक शक्तिनगर के चालुक्य बार में काम करके घर लौट रहे थे। उसी दौरान यह घटना हुई। मृतकों की पहचान रामकुंजा के चेतन (21) और मंगलूरु शहर के निवासी काशी (17) के रूप में हुई है। ये युवक अपने दोस्तों के साथ तीन अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर यात्रा कर रहे थे। चेतन और काशी जिस बाइक पर सवार थे, वह येय्यादी के पास सड़क पर फिसल गई।

दोनों को एक निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दक्षिण थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

# पुडुचेरी में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव

पुडुचेरी। पुडुचेरी शहर और उसके उपनगरों में भारी बारिश होने से विभिन्न क्षेत्रों के निचले इलाकों में पानी भर गया। पुडुचेरी में पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बृहस्पतिवार रात को बारिश और आकाशीय बिजली गरजने से लोगों के रोजमर्रा के कामकाज में बाधा उत्पन्न हुई।

विनायक चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाने के लिए विभिन्न स्थानों पर अस्थायी शिविर लगाने वाले ग्रामीण कारीगरों को बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को आसमान में बादल छाए रहे।

## फिल्म उद्योग में यौन उत्पीड़न

# केएफसीसी 16 सितंबर को महिला कलाकारों के साथ बैठक करेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। फिल्म उद्योग में यौन उत्पीड़न और अन्य दुर्व्यवहार पर चर्चा करने के लिए 'कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स' (केएफसीसी) 16 सितंबर को महिला कलाकारों के साथ बैठक करेगा। एक शीर्ष पदाधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक राज्य महिला आयोग द्वारा केएफसीसी से अनुरोध किए जाने के बाद यह बैठक बुलाई गई है।

केएफसीसी के अध्यक्ष एन एम सुरेश ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, राज्य महिला आयोग ने हमें 13 सितंबर को एक बैठक बुलाने के लिए कहा था। लेकिन चूंकि यह त्योहार का समय है, और साथ ही लोग शूटिंग कर रहे होंगे तथा उन्हें अपने कार्यक्रम को समायोजित करने के लिए अधिक समय की आवश्यकता होगी, इसलिए हमने अस्थायी रूप से 16 सितंबर को एक बैठक बुलाई है। उनके अनुसार, सोमवार, नौ सितंबर को ही उन्हें निश्चित रूप से पता चलेगा कि वे बैठक कब आयोजित कर पाएंगे।

सुरेश ने कहा, ''लेकिन हम निश्चित रूप से बैठक कर इस बात पर आम सहमति बनाएंगे कि अगला कदम क्या होना चाहिए।''

इस बीच, शुक्रवार को फिल्म 'इंडस्ट्री फॉर राइट्स एंड इक्वलिटी' संगठन द्वारा जारी एक प्रेस बयान में कहा गया, हमारी उचित मांग के जवाब में, कर्नाटक की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने स्पष्ट किया है कि कर्नाटक सरकार कास्टिंग काउच' के अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। संगठन ने मांग का सार्वजनिक रूप से समर्थन करने के लिए भाजपा की मंजुला सी और कांग्रेस की सौम्या रेड्डी की भी सराहना की।

# एसएमवीटी बेंगलूरु-प्रयागराज-एसएमवीटी बेंगलूरु के बीच विशेष साप्ताहिक ट्रेन सेवा

बेंगलूरु। इस त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की सुविधा और यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज-एसएमवीटी बेंगलूरु-प्रयागराज के बीच प्रत्येक दिशा में सात ट्रिप के लिए विशेष साप्ताहिक ट्रेन सेवा की अधिसूचना जारी की है।




ट्रेन संख्या 04131 प्रयागराज-एसएमवीटी बेंगलूरु त्योहारी स्पेशल 06 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को प्रयागराज से रात 11.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन मंगलवार को शाम 06.30 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन संख्या 04132 एसएमवीटी बेंगलूरु-प्रयागराज फेस्टिवल स्पेशल 9 अक्टूबर से 20 नवम्बर तक प्रत्येक बुधवार को सुबह 07.10 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु से रवाना होगी और अगले गुरुवार को रात 10.50 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। ये विशेष ट्रेनें दोनों दिशाओं में निम्नलिखित स्टेशनों पर रुकेंगी: कृष्णराजपुरम, जोलारपेट्टई, काटपाडी, पेरंबूर, नेल्लोर, ओंगोल, चिराला, विजयवाड़ा, खम्मम, वारंगल, मंचिरयाला, बेल्लमपल्ली, सिरपुरकागाज़नगर, बल्हारशाह, नागपुर, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना और मानिकपुर स्टेशनों पर रुकेंगी।

## एर्नाकुलम-येलहंका-एर्नाकुलम गरीबरथ स्पेशल की सेवा का विस्तार

ट्रेन संख्या 06101/06102 एर्नाकुलम-येलहंका-एर्नाकुलम गरीब रथ त्रिसाप्ताहिक स्पेशल की सेवा को एर्नाकुलम छोर से 8 सितम्बर से 18 सितम्बर तक और 9 सितम्बर से 19 सितम्बर तक 05 और यात्राओं के लिए बढ़ा दिया गई है।

पयुर्षण महान पर्व पर सकल संघ से मिच्छामि दुक्कड़म्



वरिष्ठ मार्गदर्शक : दलपतराज बाफना
- चम्पालाल गादिया – अध्यक्ष
- महावीर मेहता – मंत्री
- नीतेश सतावत – सहमंत्री

-दिनेश तातेड़ -महावीर ताल -सुरेश राठौड़
-विमल चौहान -मुकेश वाणीगोता -उत्तमचन्द
-सुरेश कुमार -रवि मकरानी -दिनेश चौहान
-जेठमल कोठारी -राजू मकरानी -वसंतकुमार
-ललित श्रीश्रीमाल -हेमन्त चौहान -श्यामलाल बीकानेर
- दिनेश बाफना -हितेश बालर -पूजा लुणिया
- सूर्यांश -गौरव -कौशिक लुणिया
- पंकज सोनीगरा

समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी एवं सदस्यगण
श्री सीमंधर स्वामी राजेन्द्र सूरी जैन आरती मंडल, एस वी लेन, मामुलपेट, बंगलौर



# मुख्यमंत्री पद के दावेदारों की संख्या बढ़ती ही जा रही है : विजयेन्द्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक विजयेन्द्र येडीयुरप्पा ने शुक्रवार को कहा कि जैसे जैसे मुख्यमंत्री की कुर्सी जाती दिख रही है वैसे वैसे मुख्यमंत्री पद के दावेदार भी बढ़ते ही जा रहे हैं। शहर में मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस सरकार की धमकियों, डराने-धमकाने की रणनीतियों और साजिशों से डरने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि भाजपा पिछले कई दिनों से वाल्मिकी विकास निगम घोटाले और मुडा घोटोले सहित भ्रष्ट कांग्रेस के खिलाफ लड़ रही है। हम स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की स्थिति को समझते हैं। एक समय ऐसा आ गया जब मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना पड़ेगा और वह इसे पचा नहीं पा रहे हैं। इसी वजह से साजिश चल रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवसर आने पर हम उचित जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि इसी माह की 2 तारीख से देश के गौरव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दिल्ली में भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में भी बड़े पैमाने पर भाजपा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

गौरी गणेश उत्सव के इस अवसर पर, हम सभी के अग्रज रामचन्द्र गौड़ा की सदस्यता पंजीकृत की है। रामचन्द्र गौड़ा ने बीएस येडीयुरप्पा के साथ राज्य भर का दौरा किया था। रामचन्द्र गौड़ा भी उन लोगों में से एक हैं जिन्होंने बीजेपी के लिए मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि उनके आशीर्वाद से हमने सदस्यता दर्ज करायी है। भाजपा सदस्यता पंजीकरण कराने वाले रामचन्द्र गौड़ा ने आश्चर्य जताया कि अब सदस्यता पंजीकरण आधुनिक तरीके से मोबाइल के माध्यम से होने लगा है। उन्होंने कहा कि यह अच्छा संकेत है। उन्होंने मोदी जी के दोबारा यानी चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की कामना की।



# भाजपा का अल्पसंख्यक मोर्चा 3 लाख सदस्य बनाएगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में 5 सितम्बर को अल्पसंख्यक मोर्चो के सदस्यता अभियान के अंतर्गत एक बैठक हुई। जिसमें विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलुवड़ी नारायण स्वामी, राजसभा सदस्य लहर सिंह सिरोया, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिदिक, पूर्व अल्पसंख्यक चेयरमैन अब्दुल अजीम, राज्य अध्यक्ष अनिल थॉमस, मुख्य सचिव इंद्रकुमार नाहर, राष्ट्रीय संचालक जोजो जोसेफ, राज्य सह संचालक अरुण लुणावत, धनराज बोथरा, संजय बागरेचा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। पूर्व चेयरमैन अब्दुल अजीम ने स्वागत भाषण के दौरान कहा कि अल्पसंख्यक का मतलब होता है की हम संख्या में कम है और भारत सरकार के द्वारा हमारे लिए कई सारी योजनाओं चलती है, परंतु हम इसका उपयोग सही तरीके से नहीं कर रहे है क्योंकि कांग्रेस सरकार ये नहीं चाहती की हम इन योजनाओं का उपयोग करे। इस देश में जो भी मुसलमान भाई या क्रिश्चियन है उनके पूर्वज हिन्दू थे। यह हमारा देश है और हमें कोई यहां से जाने के लिए नहीं कह सकता, लोगो को गुमराह किया जा रहा है की भाजपा आएगी तो हमें यहां से निकाल दिया जाएगा, यह गलतफहमी किसी को मन में नहीं रखनी चाहिए।

अल्पसंख्यक मोर्चो के राज्य अध्यक्ष अनिल थॉमस ने कहा कि इस बार हमारे राज्य से तीन लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है जो कि पिछले वर्ष सवा लाख का था। पूरे देश में पचास लाख अल्पसंख्यक के पचास लाख सदस्य बनाने है। किसी भी समस्या के समय हम एक दूसरे का जरूर साथ देंगे।

सांसद लहर सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा गलत भ्रम और दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है। हम अल्पसंख्यकों के यहां घर-घर, हर मोहल्ले जाकर लोगों से मिलना चाहते है और उन्हें जोड़ेंगे और आने वाले चुनाव में टिकट भी देंगे और हम सभी के कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे।

क्षमा वीरस्य भूषणम्

मिच्छामी दुक्कड़म

संवत्सरी महापर्व के उपलक्ष्य में हम सभी अपनी भूलों के लिए आप सभी से क्षमा चाहते हैं। यदि हमने जाने-अनजाने आपके मन को ठेस पहुंचाई हो या ठेस पहुंचाने का भाव भी मन में आया हो तो आज हम मन, वचन और काया से आपसे क्षमा मांगते हैं।

क्षमाप्रार्थी

तारामणि, प्रेमलता-गुलाबचंद,
डॉ नीलेश-स्वीटी, निशांत-खुशबू, प्रशांत-विनिता,
नीति, मिति, नींव, अविशा, आर्यव एवं पगारिया परिवार
निशा-सचिनजी बाफना, प्रेरणा-संजयजी दरड़ा,
प्रणिता-मोहितजी मरलेचा, श्रेष्ठा, सक्षम दरड़ा, युवांश मरलेचा

प्रतिष्ठान: प्रेम इन्वेस्टमेन्टस्
गोकुल टावर, नं. 19/1, छठवां मैन, गांधीनगर,
बंगलौर-560 009 फोन : 22252225 फोन : 94483 62510

# न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्री रामचंद्रन और थेनारासु से जुड़े अदालत के आदेश पर रोक लगाई

चेन्नई/नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें तमिलनाडु के राजस्व मंत्री के.के.एस.एस.आर. रामचंद्रन और वित्त मंत्री थंगम थेनारासु को आय से अधिक संपत्ति के मामलों में आरोप मुक्त करने के निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने मंत्रियों द्वारा दायर अपील पर तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया। इस मामले में आगे की सुनवाई चार हफ्ते बाद निर्धारित की गयी है।उच्चतम न्यायालय ने यह आदेश तब पारित किया जब मामले में पक्षकारों की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने तर्क दिया कि स्वप्रेरित आपराधिक पुनरीक्षण मामले में आरोपमुक्ति को रद्द करने में उच्च न्यायालय द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया सही नहीं थी।

तमिलनाडु के महाधिवक्ता पट्टाभि सुन्दर रमन ने कहा कि तमिलनाडु सरकार इस आदेश के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर करने की योजना बना रही है, क्योंकि यह आदेश डीवीएसी के निष्कर्षों में हस्तक्षेप करता है।

मद्रास उच्च न्यायालय ने सात अगस्त को आय से अधिक संपत्ति के मामलों में रामचंद्रन और थेनारासु को आरोप मुक्त करने के निचली अदालत के आदेश को खारिज करते हुए निचली अदालत को उनके खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया था। आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर आदेश पारित करते हुए न्यायमूर्ति एन. आनंद वेंकटेश ने सांसदों और विधायकों के मामलों के लिए विशेष अदालत, विरुधुनगर के क्रमशः 20 जुलाई, 2023 और 12 दिसंबर, 2022 के आदेशों को रद्द कर दिया, जिसमें रामचंद्रन और थेनारासु को आय से अधिक संपत्ति के मामलों में आरोप मुक्त मुक्त कर दिया गया था।

“ खामेमि सव्व जीवे सव्वे जीवा खमतुं में,
मित्ति में सव्व भुएसु, बैंर मंज्झंन केणाई ”

संवत्सरी महापर्व के उपलक्ष्य में हम सभी अपनी भूलों के लिए आप सभी से क्षमा चाहते हैं। यदि हमने जाने-अनजाने आपके मन को ठेस पहुंचाई हो या ठेस पहुंचाने का भाव भी मन में आया हो तो आज हम मन, वचन और काया से आपसे क्षमा मांगते हैं।

आप सभी को मिच्छामी दुक्कड़म

क्षमाप्रार्थी

पारसमल निर्मलकुमार गजेशकुमार मानव भंडारी

ADISHWAR राजस्थान में मारवाड़ जंक्शन ADISHWAR

ADISHWAR INDIA LIMITED
Registered Office: # 85, 59TH CROSS, 4TH BLOCK, RAJAJINAGAR, Bangalore-560010, Ph 080-40733999
Email: info@adishwarindia.com, Web: www.adishwarindia.com

## गौरी उत्सव



बेंगलूरु के जयनगर विधानसभा क्षेत्र में गौरी गणेश उत्सव के अवसर पर विधायक सीके राममूर्ति के निवास पर आयोजित कुंमकुंम समारोह में 500 सुमंगलियों को बैगी का वितरण किया गया। इस मौके पर इंफोसिस फाउन्डेशन की अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति, फिल्म अभिनेत्री और भाजपा उपाध्यक्ष मालविका अविनाश, अभिनेत्री तारा अनुराधा, बीबीएमपी सदस्य एचसी नागरात्ना राममूर्ति ने कार्यक्रम में शिरकत की।

